आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार पिछले 2 वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रही है और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाकर इस दौरान 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए की बचत की गई है। सोलन ज़िले में अर्की विधानसभा क्षेत्र के लोहारघाट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस दौरान शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों को विशेष रूप से सुदृढ़ किया गया है और खाली पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश भर में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोलने का निर्णय लिया है और इन स्कूलों में बच्चों को शिक्षा की अत्याधुनिक सुविधाओं सहित ठहरने की व्यवस्था भी होगी। उन्होंने बताया कि अध्यापकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है और अगले 2 वर्षों में सभी पद भर दिए जाएंगे।

विधानसभा–भाजपा

प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसम्बर तक धर्मशाला में होगा। ये सत्र हंगामेदार होने की उम्मीद है क्योंकि विपक्षी दल भाजपा ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। भाजपा ने 18 दिसम्बर को ही धर्मशाला में राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली करने का निर्णय लिया है। इस रैली को लेकर विधायक सुधीर शर्मा के निवास पर आज धर्मशाला में वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। परमार ने बताया कि ज़ोरावर स्टेडियम में होने वाली जन आक्रोश रैली में प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेता भाग लेंगे और कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नशे की रोकथाम के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा देना ज़रूरी है। विधानसभा अध्यक्ष ने आज कांगड़ा ज़िले में नूरपुर क्षेत्र के गतला में वर्ष 2018 के बस हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों की स्मृति में एक स्मारक

का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस स्कूल बस हादसे में 23 बच्चों की जान चली गई थी और क्षेत्र के लोगों ने इन बच्चों की स्मृति में कुछ रचनात्मक कार्य शुरू किए हैं। कुलदीप पठानिया ने बताया कि इन बच्चों की याद में 21 फुट ऊंची मीनार बनाई जाएगी।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार की गैस्ट टीचर पॉलिसी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के खाली पदों को भरने के बजाय राज्य सरकार ने गैस्ट टीचर रखने का निर्णय लिया है और इन्हें प्रति घंटे के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने की गारंटी दी थी जिसे अब कांग्रेस सरकार भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है जो वर्षों से शिक्षण संस्थानों में अध्यापक बनने की तैयारी कर रहे हैं। विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनहित व शिक्षा नहीं है, और सरकार हर दिन युवा विरोधी निर्णय ले रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण ही सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घट रही है और लोग सरकारी स्कूलों से किनारा कर रहे हैं।

अग्निकाण्ड

कुल्लू ज़िले में आनी खण्ड के दुर्गम गांव रूमाली में बीती रात एक अग्निकाण्ड में दो मकान जलकर राख हो गए। इस अग्निकाण्ड में दो मवेशी भी जल गए और लगभग 50 लाख रूपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। इस आग से दो परिवार बेघर हो गए हैं। इसके अलावा सेब के कुछ पौधे भी अग्निकाण्ड की चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक दो मकान जलकर राख हो चुके थे। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को फौरी राहत दी गई है।

पंचायत पुरस्कार

प्रदेश की दो पंचायतों को विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्यों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाज़ा गया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने हाल ही में नई दिल्ली में हुए एक समारोह में इन

पंचायतों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिमला ज़िले की थानाधार पंचायत ने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है और इसके लिए पंचायत को 75 लाख रूपए के पुरस्कार से नवाज़ा गया है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत के पुरस्कार के रूप में 50 लाख रूपए की राशि मिली है। उधर, हमीरपुर ज़िले में बमसन ब्लॉक की सिकांदर पंचायत ने जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है और इस पंचायत को जल पर्याप्त पंचायत श्रेणी में दूसरे पुरस्कार के रूप में 75 लाख रूपए की राशि विकास कार्यों के लिए मिली है।

..........................................................................................................................................